www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–132 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ शुक्रवार 13 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## बाढ़ की विभीषिका का जायजा लेने मुख्यमंत्री योगी पहुंचे पीड़ित क्षेत्र, राहत शिविर में बाटी सामग्री

वाराणसी (वेबवार्ता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे चुके हैं। शहर में गंगा व वरुणा नदी में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के खेल मैदान में उतरा। यहां अस्थाई हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का स्वागत सहयोगी कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्य मंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी सहित जिले के आला अधिकारियों ने किया। मुख्यमंत्री का काफिला यहां से सीधे भैसासुर राजघाट के लिए रवाना हो गया। मुख्यमंत्री भैसासुर घाट से एनडीआरएफ की विशेष बोट से गंगा और वरुणा में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री बाढ़ पीड़ितों से मिलने जेपी मेहता नगर निगम इंटर कॉलेज गये। यहां बाढ़ पीड़ितों से हालचाल लेने के साथ ही उन्हें राहत सामग्री का वितरण किया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री करीब डेढ़ घंटे बाढ़ प्रभावित इलाकों में रहे। बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में कानून व्यवस्था व विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के बाद देर शाम मुख्यमंत्री शहर में चल रही विकास परियोजनाओं का निरीक्षणकिया। इसमें पार्किंग, फुलवरिया फोरलेन, स्मार्ट सिटी के कार्य शामिल हैं। गौरतलब हो कि वर्ष 2019 में बनारस में आई भयावह बाढ़ के दौरान भी मुख्यमंत्री ने शहर में आकर पीड़ित क्षेत्रों का जायजा लिया था। परियोजनाओं के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए गये। दर्शन–पूजन के बाद मुख्यमंत्री विश्वनाथ कॉरिडोर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम कियो। अगले दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री गाजीपुर में बाढ़ का जायजा लेने रवाना हुऐ।



## कांग्रेस 19 से 21 अगस्त तक चलाएगी जय भारत महासम्पर्क अभियान : अजय कुमार लल्लू

अवध की आवाज

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस आगामी 19 से 21 अगस्त तक जय भारत महासम्पर्क अभियान चलाएगी। अजय लल्लू ने कहा कि तीन दिनों तक कांग्रेस कार्यकर्ता, नेता 30 हजार ग्राम सभाओं में लगातार 75 घण्टे तक प्रवास करेंगे। तीन दिनों तक 90 लाख लोगों से सम्पर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि जय भारत महासम्पर्क अभियान तीन दिन और तीन चरण में चलेगा। पहला चरण मेरा गांव मेरा देश, दूसरा चरण संकल्प का और तीसरा चरण राजीव गांधी के जन्मतिथि पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के सम्मान का होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने स्वतंत्रता दिवस को अपने ही तरीके से मनाने की तैयारी की है। कांग्रेस के कार्यकर्ता इस बार अभियान में हिस्सा लेकर स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे।




## विद्युत विभाग और बिल्डर की मिलीभगत से अवैध रोड कटिंग

*अवध की अवाज*

*लखनऊ। (बसंत विहार कॉलोनी स्माइल गंज द्वितीय वार्ड )पिछले महीने 31 तारीख को बिजली विभाग द्वारा दिन में बगैर परमिशन नवनिर्मित सड़क को काटकर अवैध रूप से केवल डालने का प्रयास किया जा रहा था पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह की शिकायत पर नगर निगम के लोग त्वरित कार्यवाही करते हुए विद्युत विभाग को रोका तथा विभाग के लोग अपना केवल लेकर वापस चले गए और भविष्य में परमिशन लेकर केवल डालने की बात कही, लेकिन बिजली विभाग द्वारा लगभग 10 दिन बाद आज रात के अंधेरे में चोरी से बगैर नगर निगम से परमिशन लिए स्थानीय लोगों के तथा पूर्व पार्षद के विरोध के बावजूद बिल्डर द्वारा मिलीभगत करके नवनिर्मित सड़क को काटकर विद्युत केबल डाला जा रहा है।*

## कंपनियों को शेयर बाजार के माध्यम से पूंजी जुटाने में सरकार ने की पहल

### डा0 नवनीत सहगल से एनएसई के सीनियर मैनेजर श्री राकेश कुमार ने की मुलाकात

अवध की आवाज

लखनऊ । शेयर बाजार के माध्यम से कंपनियों को पूर्जी जुटाने के लिए राज्य सरकार ने नई पहल की है। अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा0 नवनीत सहगल से नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) के सीनियर मैनेजर श्री राकेश कुमार की इस परिप्रेक्ष्य में मुलाकात हुई और उत्तर प्रदेश से नई कंपनियों को एनएसई/बीएसई पर लिस्टेड कराने पर सकारात्मक चर्चा हुई। कैसरबाग स्थित निर्यात प्रोत्साहन भवन में आयोजित बैठक में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 55 लाख डीमैट एकाउंट है और देश में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश से एनएसई पर आठ एवं बाम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) पर नौ कंपनिया लिस्ट हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रानिक्स, आईटी, लॉजिस्टिक, मैन्यूफैक्चरिंग, प्लास्टिक, लेदर, एग्रो, फूड प्रोडेक्टस, वस्त्र आदि के क्षेत्र में कंपनियां अच्छा कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों के एनएसई एवं बीएसई पर लिस्ट होने से उनकी मार्केट कैपिटल बढ़ेगी। साथ ही व्यवासाय का विस्तार होगा और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले चार वर्षों में स्थापित कंपनियों को एनएसई/बीएसई पर लिस्ट कराने में प्राथमिकता दी जायेगी। फिक्की और लघु उद्योग भारती जैसे औद्योगिक संगठनों का एनएसई/बीएससी के साथ वर्चुअल संवाद कराया जायेगा, जिससे औद्योगिक संगठन अधिक से अधिक कंपनियों को एनएसई/बीएससी पर लिस्ट कराने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि नई कंपनियों को स्टाक मार्केट में सूचीबद्ध कराने के लिए हर संभव सहयोग व मदद दी जायेगी।





समस्त देशवासियों को जनपद वासियों को क्षेत्र वासियों को नाग पंचमी स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन जन्माष्टमी की ढेर सारी शुभकामनाये

हिलौली ब्लाक क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने इस पद पर बैठाया है इसके लिए सभी लोगों का हृदय से आभार प्रकट करता हूं भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों को क्षेत्र के जनमानस को जनपद के जनमानस को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शूभकाउनाऐं।

दिलीप सिंह ब्लाक प्रमुख हिलौली उन्नाव




## गांधी प्रतिमा की सफाई कर एनसीसी कैडेटों ने दिया जागरुकता का संदेश

कानपुर (वेबवार्ता)। 17वीं यूपी गर्ल्स एनसीसी यूनिट के आदेशानुसार एसएन सेन बालिका कॉलेज में अमश्त महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कैडेटों ने गांधी प्रतिमा की सफाई कर पुष्प अर्पित कियें और आम जनमानस को नुक्कड़ नाटक के जरिये सफाई जागरुकता का संदेश दिया गया। एनसीसी कैडेटों ने कर्नल वेंकट्सन आर के साथ आमजनमानस से हाथ जोड़कर विनती की कि वे साफ–सफाई का ध्यान अवश्य रखें। इसके साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। हमारी–आपकी कोशिश एक कदम स्वच्छता के ओर इस अभि यान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।



सीनियर जूनियर कैडेटों ने गांधी प्रतिमा की सफाई की लोगों को भी जागरूक किया। साथ ही विद्यालय में व आस पास लोगों को सफाई का महत्त्व बताया। प्रधानाचार्य सविता यादव ने बताया कि हमे अपने आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए। आज हमारे एनसीसी कैडेटों ने समाज को यही समझने का प्रयास किया है। कैडेटों ने आस पास के लोगों को मास्क सोशल डिस्टेंसिंग व साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कैप्टन ममता अग्रवाल थर्ड ऑफिसर नीतू गौड़ ने बताया स्वच्छता अभियान में कैडेटों अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं।

## भरभरा कर धराशाई हुई पुराने मकान की दीवार, बाल बाल बचे लोग

अवध की आवाज

उरई (जालौन) कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम अंडा में बारिश का जोर सहन नहीं कर पाए एक पुराने



जर्जर मकान की दीवार भरभरा कर धराशाई हो गई। गनीमत रही कि उसकी चपेट में कोई नहीं आया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दीवार गिरने की इस घटना को किसी ग्रामीण ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया जो अब तेजी से सोशल साइट्स पर वायरल हो रहा है। पिछले चौबीस घंटे से रुक रुक कर हो रही रिमझिम बारिश पुरानी जर्जर इमारतों के लिए खतरे की घंटी साबित हो रही है। ऐसा एक मामला कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम अंडा में सामने आया है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है जिसमें पुरानी जर्जर इमारत की पुरानी ईंटों से बनी दीवार देखते ही देखते भरभरा कर ताश के पत्तो की तरह ढह गई। जैसे ही दीवार गिरी, वहां खड़े तमाशबीन जान बचाकर भागे। मिली जानकारी के मुताबिक अंडा निवासी आशाराम पुत्र गंगा प्रसाद वर्मा का पुराने जमाने का ईंट गारे का दो मंजिला रिहायसी मकान बना है जो समय के थपेड़ों के साथ जर्जर हालत में पहुंच गया है। मंगलवार को बारिश का दबाव नहीं झेल पाने के कारण उसकी दीवार जब दरकने लगी तो घर के लोग बाहर निकल आए और देखते ही देखते दीवार ढह गई और बड़ी घटना घटित होने से टल गई।

## शादी टूट जाने पर युवती ने बेतवा नदी में पुल से कूद कर दी जान

अवध की आवाज

उरई (जालौन)। आज कल जहां एक ओर नदियों में आई भीषण बाढ़ के चलते लोग अपनी जान बचाने के लिए गुहार लगा रहे हैं वहीं कस्बा कोटरा में बाईस वर्षीय युवती ने बेतवा नदी पर नव निर्मित पुल से कूद कर अपनी जीवन लीला स्वयं समाप्त कर ली। हालांकि अभी मृतका का शव प्राप्त नहीं हुआ है।

प्राप्त विवरण के अनुसार कस्बा कोटरा निवासी सुशील शर्मा की छोटी पुत्री साक्षी अपनी शादी टूट जाने को लेकर कुछ दिनों से कॉफी परेशान थी। पिता सुशील शर्मा के अनुसार पिछले दिनों दतिया में उसकी शादी तय हो गयी थी लेकिन बाद में लड़के वालों के द्वारा उसकी क्षमता से अधिक दहेज तथा लेन देन के कारण शादी टूट गयी जिसे लेकर साक्षी डिप्रेशन में रहने लगी थी। दिन बीतते रहे लेकिन रविवार की रात साक्षी और उसकी मां एक ही कमरे में सोई



हुई थी। सुबह चार बजे के लगभग साक्षी की मां ने देखा कि साक्षी की चारपाई खाली है उसने सोचा कि शायद बाथरूम गयी होगी लेकिन जब कुछ देर बाद साक्षी नहीं लौटी तो उसने घर में सब जगह देखा फिर साक्षी के पिता जो दूसरे कमरे में सो रहे थे उन्हें जगाकर सारी बात बताई तभी सुशील की नजर कमरे में रखे एक पर्चे पर गयी जिसमें मृतका के द्वारा नदी में कूद कर आत्महत्या करने के साथ साथ यह भी लिखा था कि मेरे घरवालों को परेशान न किया जाए। ग्रेजुएशन कर चुकी साक्षी का सुसाईड नोट पढ़ कर पुलिस को सूचना दी गई पुलिस जब पुल पर पहुंची तो मृतका की चप्पलें वहां पर रखीं हुईं थीं जिन्हें पिता ने पहचान लिया। उक्त विवरण के आधार पर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को तलाशने की कोशिश शुरू की परंतु समाचार लिखे जाने तक शव प्राप्त नहीं हुआ था। साक्षी अपने चार भाई बहनों में साक्षी सबसे छोटी थी।

## वीडियो और विद्यायक ने बाँटी राहत सामग्री पैकिट

कुठौंद(जालौन) आज तहसील जालौन के ग्राम उमरी मुस्तकिल में शाशन द्वरा जान चौपाल की गई। जहाँ पर बाढ़ प्रभावित गांवों हिंनोली, उमरी,मसगांव,चौथ,के ग्रामीणों को एक जगह बुलाकर जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी और बाढ़ पीड़ित की सूची अनुसार सभी गाँव के पीड़ितों को राहत पैकिट एसडीएम जालौन,और वीडियो व विद्यायक जी ने बाटी और विधायक जी ने अपने मण्डल के कार्यकर्ताओं से बटवाई,विद्यायक नरेंद्रपाल सिंह जादौन ने ग्रामीणो को बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश है कि जिन लोगो के मकान निचले एरिया में बने है। यदि वो ऊंचे एरिया में जाना चाहते है उनको सरकार ब्यावस्ता करेगी। क्यो कि देखा गया है जितनी बार बाढ़ आती है तो बार बार वही लोग पीड़ित हो जाते है। इसलिए मुख्यमंत्री जी ये निर्देश दिए है कि यदि निचले एरिया के लोग ऊंचे स्थान पर आजये तो यह समस्या हमेशा के लिए चली जायेगी। एसडीएम जालौन मीना राणा ने बताया कि लेखपाल को आदेश किये गए है कि हर पीड़ित ब्यक्ति का सर्वे करना



है। यहाँ तक किसी की यदि एक दीवाल भी गिरी है या खेतो में पानी के कारण फसल नष्ट हुई है। हर ब्यक्ति का सर्वे कर कर उसे मुवाबजा दिया जाएगा। सफाई कर्मियों की टीम लगी है डॉक्टरों की टीम लगी है । हर संभव मदत हर पीड़ित की की जाएगी इसके बाद खेड़ा में जन चौपाल आयोजित की गई जहाँ पर पीड़ित लोगों को राहत सामग्री दी गई और उपरोक्त में बताई गई योजना को ग्रामीणों को बताया गया। इस जन चौपाल में प्रमुख रूप से विद्यायक कालपी नरेंद्र पाल सिंह जादौन एसडीएम मीना राणा, विकास अधिकारी,ओम प्रकाश द्विवेदी,छुन्ना सेंगर जिलापंचायत सदस्य, मण्डल अध्यक्ष अमित नीखरा, दुर्गा भदौरिया, जयपाल सिंह राजावत,बबलू सेंगर जखा,पिन्टू चौहान ,अन्नी नेता,विजय चंद्र जी,रामबीर गुर्जर,रामप्रकाश नेता मनोज कुमार प्रधान,प्रधान अरविंदर राजपूत, बिजुवापुर,पुलिस प्रशाशन से चौकी इंजार्ज,अतुल राजपूत,सिपाही आलोक दुबे,प्रदीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर बाल योगियों द्वारा दीपयोग के माध्यम से तिरंगे को सलामी दी जाएगी- योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। इटियाथोक गोंडा जिले के बाल योगियों द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ–अवसर पर जिले की समस्त नियमित योग कक्षाओं में तैयारी पूरे जोर सोर से चल रही है। देश इस बार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस (Independence Day 2021) की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी मिली थी। और यह दिन भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन माना जाता है।इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया इस बार स्वतंत्रता दिवस पर दिन नियमित योग कक्षा ग्राम–भट्टपुरवा में बाल योगियों के द्वारा दीपयोग और स्टिकयोग का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां पूरे जोर सोर से चल रही है। उन्होंने बताया की दीपयोग और स्टिकयोग का प्रदर्शन पूरे जिले में प्रथम बार होने जा रहा है। योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया इस स्वतंत्रता दिवस पर विश्व रिकॉर्ड धारियों द्वारा तिरंगे को दीपयोग के माध्यम से सलामी दी जाएगी। इस कार्यक्रम में अंत में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इस साल कोरोना वैश्विक महामारी को देखते हुए बुजुर्गों को इस कार्यक्रम में शामिल नहीं किया जाएगा और बाल योगियों के साथ साथ युवाओं को भी सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाए जाने का अनुरोध किया जा रहा है।



# सर्विलांस सेल टीम द्वारा; 10 लाख 43 हजार रुपये के मोबाइल बरामद

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, विजय ढुल के निर्देशन में सर्विलांस सेल क्राइम ब्रान्च द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत आवेदकों के द्वारा विभिन्न तिथियों में मोबाइल फोन खो जाने के संबंध में दिए गए प्रार्थनादपत्रों के आधार पर सर्विलांस सेल क्राइम ब्रान्च टीम द्वारा 101 मोबाइल फोन की बरामदगी की गई है बरामद मोबाइल फोन की कीमत लगभग 10 लाख 43 हजार रुपये है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मोबाइल बरामद करने वाली टीम के उत्साहवर्धन हेतु 5,000 रु0 का नकद पुरुस्कार दिया गया है।







अवध की आवाज ब्यूरो

दिनांक 12–08–2021 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा बेंथर चौराहा उन्नाव स्थित खाद्यकारोबारकर्ता श्री वीरेन्द्र कुमार के खाद्य प्रतिष्ठान से पनीर का एक तथा घी का एक नमूना तथा पावा, सफीपुर ,उन्नाव स्थित बेचेलाल किराना स्टोर से सरसों के तेल का एक नमूना लिया गया।साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में सरसों के तेल तथा दालों के कुल 5 निरीक्षण भी किए गए।संग्रहीत नमूनों का जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित कर दिया गया है।जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा विधायक काफिला : चलती कारों की छत और खिड़कियों पर खड़े हो नाच रहे थे समर्थक

गाजियाबाद, (वेबवार्ता)। अपने बयानों से अक्सर विवादों में रहने वाले गाजियाबाद के लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। इस बीच काफिले में चलती गाड़ी की छत पर उनके समर्थकों का डांस करते वीडियो खूब वायरल हो रहा है। खजूरी पुस्ता मार्ग पर विधायक नंद किशोर गुर्जर के काफिले में चलती गाड़ियों पर खड़े उनके समर्थकों का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में एक चलती गाड़ी की छत पर खड़ा होकर युवक डांस कर रहा है। वहीं तीन से चार गाड़ियों की खिड़कियों के बाहर खड़े कुछ युवक ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी हरकत में आए और मामले की जांच में जुटे। गाजियाबाद के बाद लोनी बंथला फ्लाईओवर के ऊपर गाड़ियों की छत पर खड़े होकर और गाड़ियों की खिड़कियों पर खड़े लोगों का वीडियो वायरल हुआ। यह वीडियो लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के काफिले का है। जिसमें उनके समर्थक स्टंट करते नजर आ रहे हैं, साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

# राजकीय गृह के 21 किशोरों को मिला चेन्नई में रोज़गार

**21 किशोरों को रोजगार से जोड़ा गया।**

**महिला कल्याण मंत्री ने दिया किशोरों को इस अवसर पर दिया आगे बढ़ने का आशीर्वाद।**

**महिला कल्याण विभाग द्वारा ICICI फाउंडेशन से किया गया करार।**

**राजकीय गृहों में रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर किशोर– किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास।**

महिला कल्याण विभाग द्वारा राजकीय पश्चातवर्ती देख–रेख संगठन, गुडम्बा, लखनऊ के 21 किशोरो का ICICI फाउंडेशन के सहयोग से आधारभूत मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कराने के पश्चात उन्हे चेन्नई की फर्म लेबरनेट मे 10500 रुपये के प्रारंभिक सैलरी पर नियोजित कराया गया है।

ज्ञात हो कि राजकीय पश्चातवर्ती गृहों के इन सभी 21 किशोरों, अवांग, दुर्गेश, राजू, रविउल, रोहित, साजन, सुरेंद्र, शैलेन्द्र, सलीम, रोशीदुल, प्रदीप, सोनू, बबलू, राहुल, विकास, सुनील, सूरज,लखन, जोशिम तथा सुनील ने राजकीय बाल गृहों में रहते हुए अपनी शिक्षा पूरी की है, साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद इन्हें ICICI फाउंडेशन के सहयोग से मोबाइल रिपेयरिंग का एक माह का वृहद प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी किशोरों को ऑन जॉब प्रशिक्षण भी दिया गया।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किशोर साजन ने स्वाति सिंह से बात करते हुए कहा कि "प्रशिक्षण के शुरुआत में बिल्कुल भी मन नही लगता था पर जैसे–जैसे मैं मोबाइल खोलना उसे रिपेयर करना सीखता गया, मेरी रुचि बढ़ती गयी और आज मैं खुश हूं कि सीखने के बाद अब मैं नौकरी के लिए चेन्नई जा रहा हूँ"।

वहीं किशोर सुनील ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि "मैंने कभी सोचा नही था कि इस तरह से नौकरी लगने के बाद में इतने बड़े शहर की इतनी बडी कंपनी में काम करने जाऊंगा, मेरे लिए यह सपना पूरा होने से है"। ICICI फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षण उपरांत इन किशोरों को रक कंपलीट टूलकिट प्रदान किया गया जिससे यदि भविष्य में ये अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहें तो ये टूलकिट उन्हें मदद करेगा। विभाग द्वारा इस अवसर पर सभी किशोरों को नए शहर में नया जीवन शुरू करने हेतु समस्त आवश्यक समान तथा एक मोबाइल प्रदान किया गया।



इस अवसर पर स्वाति सिंह ने कहा कि "जिस प्रकार हमारे देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के द्वारा आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा गया है, मेरे विभाग ने इन्ही उद्देश्यों को पूरा करने हेतु किशोरों को स्वावलंबी बनाने सेये शुरुआत की गयी है"।

प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास वी हेकाली झिमोमी ने कहा "लखनऊ से बस ये शुरुआत है हम भविष्य में समस्त राजकीय गृहों के बच्चों के लिए अन्य CSR संस्थाओं के मध्य से विभिन्न अवसर विकसित करेंगे, उन्होंने सभी किशोरों को आश्वासन दिया कि नए शहर में कोई भी समस्या आने पर हमें बताएं, हम हमेशा आपके साथ हैं"।

पूरे प्रयास को मूर्त रूप देने वाले निदेशक महिला कल्याण मनोज राय ने कहा कि "हम राजकीय गृहों में आवासित बच्चों के भविष्य हेतु संवेदनशील है, एक निराश्रित बच्चे को आत्मनिर्भर बनाने से सुखद एहसास से बढ़कर कुछ नही, ICICI फाउंडेशन के सहयोग से ये एक नई शुरुआत है"।

कार्यक्रम में प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाति सिंह, प्रमुख सचिव, महिला कल्याण तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार वी हेकाली झिमोमी तथा निदेशक महिला कल्याण श्री मनोज राय, लखनऊ मंडल के उप निदेशक सर्वेश पांडेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## शिवसैनिकों ने विन्ध्यनगर/शक्ति नगर सेमरबाबा स्थित रोड पर जलजमाव की समस्या को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### मांगे पूर्ण न होने पर रोपेंगे धान

अवध की आवाज ब्यूरो

मध्य प्रदेश। जिला सिंगरौली, जिले में हाईवे रोड की समस्या तो बहुत दिनों से चली ही आ रही है जिससे लोग कई वर्षो से परेशान ही हैं लेकिन उर्जाधानी के नाम से मशहूर इस जिले का मुख्यालय भी अब रोड की समस्या से अछूता नहीं बता दें कि रोड की समस्या को लेकर शिवसेना ने मुखरता पूर्वक आवाज उठाते हुए इस समस्या के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जहाँ शिवसैनिकों ने संभागीय उपाध्यक्ष रामदयाल पांडे,संभागीय प्रवक्ता बीएन त्रिपाठी, संगठन प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, जिला प्रमुख बीके श्रीवास्तव, ऑटोसेना प्रमुख बताया की इस मार्ग में स्थित गड्ढों की जानकारी शासन प्रशासन को विगत 22 जुलाई को दिया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई साथ है शिव सैनिकों ने सेमरा बाबा के पास आरटीओ बैरियर के पास शिव मंदिर में भयानक रूप से कचड़ा एवं जलजमाव हो जाने के कारण आने जाने वालों की दिक्कत तो हो ही रही है साथ साथ ही सेमरा बाबा आस्था का केंद्र होने के कारण लोगों को दर्शन भी सुलभ नहीं हो पा रहा है जो चिंता का विषय है मार्ग में बीते कई दिनों से जलजमाव है जिससे लोगो को



मुकेश शर्मा की उपस्थिति में ज्ञापन के माध्यम से विन्ध्यनगर/शक्तिनगर मार्ग स्थित सेमरबाबा के पास जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने मांग की साथ ही यह भी चेताया कि अगर प्रशासन 10 दिवस के अंदर इस समस्या का निदान नहीं करता तो शिवसेना मार्ग में स्थित गड्ढे पर धान के पौधे रोपने का कार्य करेगा जिसकी जिम्मेदारी सासन प्रशासन व एनटीपीसी विन्ध्यनगर प्रबंधन की होगी। शिव सैनिकों ने इससे पार पाना मुश्किल सा बना है अगर शासन–प्रशासन नहीं चेतेगा ,कोई सकारात्मक पहल नहीं करता तो शिवसैनिक कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए धरना प्रदर्शन आदि भी करने पर बाध्य होंगे इस अवसर पर रामदयाल पांडे बी एन त्रिपाठी धर्मेंद्र सिंह बीके श्रीवास्तव मुकेश शर्मा बालेंद्र शेखर रामकिशोर दुबे सहित अन्य सभी शिवसैनिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विपक्षी नेताओं ने रास में 'धक्कामुक्की' को 'लोकतंत्र की हत्या' बताया, सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने राज्यसभा में कुछ महिला सांसदों के साथ कथित धक्कामुक्की की घटना को बृहस्पतिवार को 'लोकतंत्र की हत्या' करार दिया और इस मुद्दे, पेगासस जासूसी मामला एवं केंद्रीय कृषि कानूनों के मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि राज्यसभा में सांसदों की पिटाई की गई और इस संसद सत्र में देश के 60 प्रतिशत लोगों की आवाज को दबाया गया, अपमानित किया गया तथा विपक्ष को जनता के मुद्दे उठाने का मौका नहीं दिया गया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संसद भवन स्थित कक्ष में बैठक करने के बाद विपक्षी नेताओं ने संसद भवन से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। इस दौरान कई नेताओं ने बैनर और तख्तियां ले रखी थीं। बैनर पर 'हम किसान विरोधी काले कानूनों को निरस्त करने की मांग करते हैं' लिखा हुआ था। विपक्षी नेताओं ने 'जासूसी बंद करो', 'काले कानून वापस लो' और 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' के नारे भी लगाए।

इससे पहले, विपक्षी नेताओं की बैठक में खड़गे, राहुल गांधी, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश एवं आनंद शर्मा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव, द्रमुक के टी आर बालू, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और कई अन्य विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए।

विपक्षी दलों के मार्च के बाद राहुल गांधी और कई विपक्षी नेताओं ने संवाददाताओं से बातचीत में सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''संसद सत्र पूरा हो चुका है। जहां तक देश के 60 फीसदी हिस्से की बात है तो उनके लिए कोई सत्र नहीं था क्योंकि इन 60 फीसदी लोगों की आवाज को दबाया गया, अपमानित किया गया और कल राज्यसभा में पीटा गया।''

उन्होंने आरोप लगाया, ''हमने पेगासस मामले पर चर्चा की मांग की, सरकार ने इनकार कर दिया। हमने किसानों, महंगाई का मुद्दा संसद के बाहर उठाया क्योंकि अंदर नहीं उठा नहीं सकते। आप लोगों (मीडिया) के सामने बात कर रहे हैं क्योंकि अंदर नहीं बोलने नहीं दिया जाता। यह हमारे देश में लोकतंत्र की हत्या से कुछ कम नहीं है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए दावा किया, ''देश के प्रधानमंत्री इस देश को बेच रहे हैं। वह देश की आत्मा दो–तीन उद्योगपतियों को बेच रहे हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा के भीतर सांसदों को पीटा गया है।

बुधवार की घटना को लेकर राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू के दुखी होने संबंधी सवाल पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''सभापति को सदन चलाना होता है, उन्होंने क्यों नहीं चलाया? विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया।''

शिवसेना के संजय राउत ने कहा, ''यह सत्र हुआ ही नहीं है। विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका नहीं मिला। हमारी आवाज को लोगों तक पहुंचने नहीं दिया गया। यह संसद सत्र नहीं था। कल राज्यसभा में लोकतंत्र की हत्या की गई। उन्होंने आरोप लगाया, ''बाहर से मार्शल से लाकर महिला सांसद और दूसरे सांसदों पर हमले की कोशिश की गई। ऐसा लगता है कि मार्शल लॉ लगा है। ऐसा लगा कि हम पाकिस्तान की सीमा पर खड़े हैं और हमें रोका जा रहा है। राजद के मनोज झा ने कहा, ''कल बीमा विधयेक संसद ने नहीं, मार्शल लॉ ने पारित किया है। इस अहंकार का प्रतिकार जनता करेगी। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को आरोप लगाया कि सदन में विरोध प्रदर्शन के दौरान वहां मौजूद कुछ महिला सुरक्षाकर्मियों ने विपक्ष की महिला सदस्यों के साथ धक्कामुक्की की और उनका अपमान किया। हालांकि सरकार ने उनके आरोप को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह 'सत्य से परे' है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने भी संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्होंने अपने 55 साल की संसदीय राजनीति में ऐसे स्थिति नहीं देखी कि महिला सांसदों पर सदन के भीतर हमला किया गया हो।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सफीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चालाये जा रहे अभियान के क्रम कुमथाना सफीपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता ,,विजयपाल उर्फ छोटू पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम हाजीखेड़ा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव







अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी ,निघासन ब्लाक के परागी पुरवा गांव के प्राइमरी स्कूल में आंगनबाड़ी आरती पांडे वह सहायता समूह अध्यक्ष रजनी देवी ने गर्भवती महिलाओं व छात्राओं को बाटी राशन किट। निघासन ब्लाक के परागी पुरवा गांव के प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में गर्भवती महिलाओं व तीन से पांच साल के छात्र और छात्राओं को राशन किट वितरित की गई इस दौरान प्रधानाध्यापक अभिषेक व विष्णु किशोरी अनिल आदि लोग उपस्थित रहें ।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व क्षेत्राधिकारी सफीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चालाये जा रहे अभियान के क्रम कुमथाना सफीपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।



# सम्पादकीय

## सशक्त राष्ट्र की बुनियाद युवा शक्ति

अंतराष्ट्रीय स्तर पर 12 अगस्त का दिन प्रतिवर्ष 'युवा दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने सन् 2000 से इस दिवस को मनाने की शुरुआत की है। हालांकि भारत में सन् 1985 से भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक व प्रखर चिंतक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी के दिन को भी राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। मगर दोनों दिवस मनाने का मकसद एक ही है कि हमारी शासन व प्रशासन व्यवस्था युवावर्ग के महत्त्व को समझ कर उनके विकास के लिए भविष्य की योजनाओं पर गौर फरमाए। भारत दुनिया में सबसे युवा आबादी वाला देश है। सशक्त राष्ट्र निर्माण में खेल क्षेत्र, आर्थिक जगत, कृषि व्यवसाय, तकनीकी क्षेत्र या सैन्य महाशक्ति बनाने की गतिविधियों में युवा वर्ग का ही योगदान अहम होता है। चीन व पाकिस्तान जैसे शातिर हमशाया मुल्कों से सटी हमारे देश की सरहदें युवा सैन्य शक्ति के दम पर ही महफूज हैं। युवा सैन्य शक्ति के शौर्य–पराक्रम के बल पर हम दुश्मन देशों का भूगोल तब्दील करने का दंभ भरते हैं। टोक्यो ओलंपिक खेल महाकुंभ में खिलाडिघ्यों ने तिरंगा फहरा कर तस्दीक कर दी कि युवावेग ही राष्ट्र का सबसे बड़ा सरमाया होता है। इस वर्ष के शुरुआत में हिमाचल प्रदेश में संपन्न हुए पंचायत निकाय चुनावों में राज्य के लोगों ने चालीस वर्ष से कम उम्र के 72 प्रतिशत उम्मीदवारों को पंचायती राज सिस्टम की सदारद सौंपी है जिसमें 52.8 फीसदी प्रतिनिधित्व महिलाओं के पास है। कई पंचायतों ने युवाओं को निर्विरोध चुनकर भरोसा जताया है। राज्य की जनता ने युवाओं को खुद निर्णय लेने की प्रक्रिया में एक सक्रिय भूमिका निभाने का सुनहरा अवसर दिया है। मगर लोगों द्वारा चुने हुए नुमाइंदों को तय करना होगा कि वे अपनी नई सोच व उम्दा कार्य प्रणाली से कुशल नेतृत्व करके किस क्षेत्र में अहम फैसले लेकर समाज को प्रभावित करके मिसाल कायम कर सकते हैं। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण, सड़कों पर धूल फांक रहा हजारों की तादाद में गौवंश, खेत खलिहान के लिए खतरा बन चुके जंगली जानवर, परंपरागत पेयजल स्रोतों का संरक्षण व जीर्णोद्धार तथा ग्रामीण विकास ढांचे को सकारात्मक दिशा देने जैसे बुनियादी सामाजिक मुद्दों पर अपना किरदार निभाकर पंचायतों के युवा सदस्य अपनी काबिलियत का परिचय दे सकते हैं।

हिमाचल धार्मिक स्थलों व पर्यटन के लिए विख्यात है, मगर पर्यटन व पिकनिक की आड़ में कई विदेशी व अन्य राज्यों के ड्रग तस्कर राज्य की हसीन वादियों को महफूज पनाहगाह बना रहे हैं। नशे में धुत बाहरी राज्यों के कई लोग यहां स्थानीय नागरिकों से बदसलूकी व लूटपाट तथा कई अन्य संगीन वारदातों को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। हिमाचल की संस्कृति, सरोकारों व शांत वातावरण को दूषित करने वाली इन घटनाओं में मुल्लविश लोगों पर सख्त एक्शन की जरूरत है। मौजूदा दौर में नशा मुल्क के मुस्तकबिल युवा वर्ग को बर्बाद करके आर्थिक तौर पर भी खोखला कर रहा है। किसी भी क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की कूवत रखने वाली देश की नींव युवापीढ़ी यदि अपनी किशोरावस्था से ही नशे के जानलेवा शौक की गिरफ्त में आकर लक्ष्य से भटक जाए या मौत को दावत देने वाली नशे की अवैध तिजारत में अपना भविष्य तराशने लगे तो बर्बादी का मंजर तय है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से पैर पसार रहे नशा माफिया के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए 'ड्रग निवारण' जैसे अभियानों की मुहिम चलाकर तथा ड्रग माफिया को बेनकाब करने में सुरक्षा एजेंसियों का सहयोग जैसी समस्याओं पर नेतृत्व करके पंचायत सरवराह युवावर्ग के लिए आदर्श उदाहरण पेश कर सकते हैं। देश में बढ़ती जनसंख्या के साथ बढ़ती महंगाई तथा चरम पर बेरोजगारी युवावर्ग के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। हमारे देश की 138 करोड़ की आबादी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, मगर बेहतर भविष्य के लिए अच्छे रोजगार की तलाश में हर वर्ष अत्यधिक कुशल युवा दूसरे देशों का रुख कर लेते हैं। विश्व के कई देशों में भारतीय युवा डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक तथा व्यवसायी के तौर पर अपनी भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि कई देशों की राजनीति व प्रशासन में भी भारतीय लोग सक्रिय हैं। विश्व की सबसे प्रतिष्ठित संस्था अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' में भारतीय युवा वैज्ञानिक के रूप में कई सालों से अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। प्रतिभा सम्पन्न युवाओं की विदेशों में ज्यादा कद्र होती है।

इससे भारत का मान जरूर बढ़ता है, मगर देश की प्रतिभाओं का इस कदर पलायन राष्ट्रहित में नहीं है। इसके कारणों पर मंथन व सियासी रायशुमारी होनी चाहिए। देश में नौकरशाही, प्रशासनिक सेवाओं, शिक्षा, चिकित्सा व तकनीकी क्षेत्र तथा सुरक्षा एंजेसियों को हमेशा क्षमताशील युवाओं की जरूरत रहती है, मगर सरकारी संस्थानों में आरक्षण प्रणाली के चलते 'डिजर्व' उम्मीदवार पर 'रिजर्व' भारी पड़ जाते हैं। नतीजतन ज्यादातर कुशल युवा विदेशों या निजी क्षेत्रों में सेवाएं देने को मजबूर होते हैं। आरक्षण देश की उत्कृष्ट पात्रता के भविष्य पर कुठाराघात है जिससे योग्य प्रतिभागियों के जहन में आक्रोश की भावना बढ़ती है। कड़ी मेहनत के बलबूते योग्यता के शिखर पर पहुंचे मेधावी यदि आरक्षण व्यवस्था की वजह से उपेक्षित हो जाएं तो देश उन्नति के मुकाम पर नहीं पहुंच सकता। देश में जातिवाद, आरक्षण व मुफ्तखोरी की हिमायत हुक्मरानों की सियासी जमीन या वोट बैंक को मजबूत कर सकते हैं। मगर यह नीतियां देश के वर्तमान व भविष्य की बुनियाद प्रतिभाशाली युवाओं के लिए नुकसानदायक हैं। बहरहाल रहनुमाई व्यवस्था को प्रतिभावान युवावर्ग के जज्बातों की कद्र का मिजाज पैदा करना होगा। शारीरिक व मानसिक तौर पर ऊर्जावान तथा जोश से लबरेज युवावर्ग हर क्षेत्र में देश की तकदीर व तस्वीर बदलने की हैसियत रखता है, बशर्ते हमारी सियासी व्यवस्था उभरती युवा प्रतिभाओं के भविष्य को कुचलने वाली नीतियों को रुखसत करके उनकी काबिलियत व क्षमता को अहमियत देकर युवावेग को राष्ट्र निर्माण व विकास कार्यों में उपयोगी बनाने पर तवज्जो दे। यही देशहित में लाभकर होगा।

# 'जय जवान' –'जय किसान' ही नहीं 'ओलम्पिक पदकों का सिरताज' भी बना हरियाणा

–निर्मल रानी–

ओलम्पिक के इतिहास में भारत अब तक कुल दस स्वर्ण पदक जीत चुका है जिसमें आठ स्वर्ण पदक भारतीय हॉकी टीम को उसके 1920–1950 मध्य के स्वर्णिम युग के दौरान प्राप्त हुए हैं जबकि दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक में से एक 11 अगस्त 2008 को बीजिंग में आयोजित शूटिंग में अभिनव बिंद्रा को पुरुषों की दस मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में हासिल हुआ था जबकि दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पिछले दिनों नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलिंपिक में भारत के लिए ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता में भाला फेंकने की प्रतिस्पर्धा में जीता। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक को ओलंपिक के एथलेटिक्स वर्ग में 121 वर्षों के इतिहास में भारत को मिले सबसे पहले स्वर्ण पदक के रूप में भी देखा जा रहा है। निःसंदेह टोक्यो में पहला एथिलीट ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने से पूरा देश खुशी से झूम रहा है परन्तु चूँकि नीरज चोपड़ा उस हरियाणा का बेटा है जिसके बारे में कहावत मशहूर है कि –'म्हारा देस हरियाणा –जहाँ दूध दही का खाना ',इसलिए हरियाणा के लोगों का उत्साह कुछ अधिक है। वैसे भी टोक्यो ओलम्पिक में जो कुल 7 पदक प्राप्त हुए हैं उनमें स्वर्ण सहित 3 पदक अकेले हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते, शेष 4 पदक पूरे देश के खिलाड़ियों ने मिलकर जीते। सातवां पदक हॉकी टीम का कांस्य पदक है जिसमें हरियाणा सहित पूरे देश के खिलाड़ी शामिल हैं। हरियाणा के सपूत व भारतीय सेना में राजपूताना रेजिमेंट में सूबेदार नीरज चोपड़ा ने भाला फेंकने में स्वर्ण पदक जीता तो पहलवान बजरंग पूनिया ने कुश्ती में भारत को कांस्य पदक दिलाया। हरियाणा के ही पहलवान रवि दहिया ने कुश्ती में ही रजत पदक अपने नाम किया था और इसी राज्य के दूसरे पहलवान दीपक पूनिया पदक के बिल्कुल करीब पहुंचकर हार गए।

दुर्भाग्यवश हरियाणा के और भी कई खिलाड़ी पदक के करीब पहुंचकर हार गए अन्यथा यदि यह खिलाड़ी भी पदक जीत लाते तो देश के पदकों की संख्या लगभग दोगुनी हो सकती थी। पदक से चूकने वाले खिलाड़ियों में हरियाणा के ही युवा निशानेबाज मनु भाकर, सौरभ चौधरी, पहलवान विनेश फोगाट जैसे नाम शामिल हैं। महिला हॉकी टीम जो पदक से बाल बाल चूक गयी उसमें भी अकेले हरियाणा राज्य की 9 बेटियां शामिल थीं। इनमें में कप्तान रानी रामपाल तो इस राज्य की थी हीं साथ ही सविता पूनिया जो 'हॉकी की दीवार' के नाम से प्रसिद्ध हो चुकी हैं वह भी हरियाणा की ही बेटी हैं। हरियाणा के ही साक्षी मलिक, सुशील कुमार, विजेंद्र कुमार, गीता व बबीता फोगाट जैसे अनेक खिलाड़ी इससे पूर्व भी अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाकर राष्ट्र का नाम रोशन कर चुके हैं। अब टोक्यो ओलम्पिक में एक बार फिर हरियाणा के खिलाड़ियों के शानदार व गौरवपूर्ण प्रदर्शन के बाद यह चर्चा होने लगी है कि जब देश के सबसे छोटे राज्यों में गिना जाने वाला हरियाणा जैसा अकेला राज्य ओलम्पिक में इतना शानदार प्रदर्शन कर सकता है फिर आखिर उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र जैसे और भी कई बड़े राज्य अंतर्राष्ट्रीय खेलों व एथेलीट प्रतियोगिताओं में क्यों पीछे रह जाते हैं ? हरियाणा की गिनती अन्न उत्पादन के क्षेत्र में भी पंजाब के बाद दूसरे नंबर पर होती है। इतना ही नहीं बल्कि यह देश का वह गौरवशाली राज्य भी है जिसके अधिकांश किसानों के बच्चे देश की सरहद के प्रहरी के रूप में भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दिया करते हैं और जरूरत पड़ने पर अपनी शहादत भी पेश करते हैं।

दरअसल जिन राज्यों के बच्चे व युवा अंतर्राष्ट्रीय खेल व एथलीट प्रतियोगिताओं में आगे नहीं निकल पाते उसके पीछे का मुख्य कारण इन राज्यों के सत्ताधीशों की अकर्मण्यता व खेलों के प्रति उनकी निष्क्रियता व निकम्मापन मुख्य कारण है। शायद यह शातिर राजनेता जानते कि चूँकि खिलाड़ी उनके वोट बैंक नहीं हैं इसलिये चतुर व शातिर राजनीतिज्ञ इनको प्रोत्साहित करने पर समुचित ध्यान नहीं देते। जनता का जितना पैसा यह सियासतदां अपनी वाहवाही के अपने बड़े बड़े सचित्र विज्ञापनों पर खर्च करते हैं वह भी प्रायः झूठे तथ्य पेश कर अपनी वाहवाही कराने वाले विज्ञापनों पर, उसका मात्र दस प्रतिशत हिस्सा भी यदि खिलाड़ियों की सुविधा उनके प्रशिक्षण उनके प्रोटीनयुक्त आहार पर खर्च किया जाये तो इसमें कोई संदेह नहीं कि पदक तालिका में भारत का नाम भी पदक तालिका की सूची में शीर्ष पर आ सकता है। परन्तु हमारे देश में नेताओं को अपनी सत्ता अपनी शोहरत आपने बहुसंख्य वोट बैंक की अधिक चिंता रहती है न कि दुनिया में देश का नाम रौशन करने की आशाओं से परिपूर्ण युवाओं व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन की। मिसाल के तौर पर अभी पिछले दिनों जब 7 भारतीय पदक विजेता टोक्यो ओलम्पिक समापन के पश्चात् भारत लौटे तो दिल्ली स्थित अशोका 5 सितारा होटल में उनका स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में सबसे बड़ा चित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का था जबकि सातों पदक विजेताओं के चित्र एक परिधि में इतने छोटे छपे थे की दूर से उन्हें पहचाना भी नहीं जा सकता था। जबकि होना यही चाहिये था कि जिन पदक विजेताओं के स्वागत में यह समारोह था उनके चित्र सबसे बड़े लगाए जाएं। प्रधानमंत्री के चित्र की तो आवश्यकता ही नहीं थी। परन्तु यहाँ तो देश के करदाताओं के पैसों से गरीबों को राशन वितरित करने वाले विशेष थैलों पर प्रधानमंत्री का चित्र तो वैक्सीन सर्टीफिकेट पर प्रधानमंत्री का चित्र। गोया देश की सारी राजनीति नेताओं के चित्र व उनकी शोहरत व विज्ञापन पर ही आधारित है ऐसे में युवा खेल कौशल की ओर ध्यान देने की फुर्सत ही कहां ?

लगभग मृत प्राय हो चुकी भारतीय हॉकी की वह टीम जिसके प्रदर्शन से दुनिया घबराती थी उसे प्रोत्साहित करने का 'जोखिम' उठाने के लिये कोई राज्य तैयार नहीं। जबकि हरियाणा में हॉकी के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण की पूरी सुविधा उपलब्ध है। उधर इस बार उड़ीसा के मुख्य मंत्री नवीन पटनायक ने भी भारतीय हॉकी टीम को प्रायोजित करने का बीड़ा उठाया इसका परिणाम सामने है कि भारतीय महिला हॉकी टीम को जहां हरियाणा ने 9 खिलाड़ी दिये वहीं पुरुष हॉकी टीम ने भी गत वर्षों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया। हरियाणा के खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनके सांस्कारिक खान पान का भी योगदान है। यहाँ गरीब से गरीब किसान परिवार का व्यक्ति अपने घरों में दुधारू पशु पालने की कोशिश अवश्य करता है। व्यवसाय के लिये कम परिवार के खान पान के लिये अधिक। हरियाण–पंजाब में शहरों में भी दूध–घी–दही–लस्सी–मट्ठा आदि खाने पीने का खूब चलन है। यही वजह है कि भारत में हरियाणा राज्य 'जय जवान' –'जय किसान' ही नहीं 'ओलम्पिक पदकों का भी सिरताज' भी बना है।

# बस्ती में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत, योगी ने जताया दुख

बस्ती, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में अयोध्या राजमार्ग पर बृहस्पतिवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले वाले पांचों लोग एक ही परिवार के है। इस हादसे में दो लोग घायल भी हो गए हैं, जिन्हे पुलिस ने अस्पताल भर्ती कराया है। हादसे की चपेट में आया परिवार लखनऊ से झारखंड कार से जा रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए घायलों के उपचार के निर्देश दिये हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हादसा बृहस्पतिवार सुबह गोटवा के पास हुआ। लखनऊ की तरफ से आ रही कार ने पुरैना चौराहे के पास कंटेनर में पीछे से टक्कर मारी। कार में सवार सात लोगों में से पांच की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कार में सवार एक बच्ची सुरक्षित निकाल ली गई। घायल चालक की स्थिति चिन्ताजनक बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, कार कंटेनर में पीछे तेज रफ्तार में घुसी थी और पांचों लोगों का शव कार में बुरी तरह से फंसा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पांचों शवों को बाहर निकाला। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस्ती में हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों का उचित उपचार कराने तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद और राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# कोल को जनजाति का दर्जा दिए बगैर उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय का एजेण्ड़ा पूरा नहीं होगा– आइपीएफ

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। इस समय जाति आधारित जनगणना पर बहस बढ़ती जा रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश में कोल को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिले उस पर आम तौर पर मुख्यधारा के राजनीतिक दल चुप है। उन्हें चुप्पी तोड़नी चाहिए और कोलों को जनजाति का दर्जा देने की मांग केन्द्र सरकार से करनी चाहिए। आदिवासियों में एक बड़ी आबादी कोलों की है लेकिन जनजाति का दर्जा न मिलने की वजह से वे वनाधिकार कानून से मिलने वाले लाभ से वंचित है और अपनी पुश्तैनी जमीनों से बेदखल किए जा रहे है। यहीं हाल जनपद चंदौली का है, जहां न केवल कोल बल्कि गोंड़, खरवार व चेरो को भी जनजाति का दर्जा नहीं मिला है और वे भी वनाधिकार कानून के लाभ से वंचित है। जमीन और जनजाति का दर्जा आदिवासियों का वैधानिक अधिकार है जिसे उन्हें मिलना ही चाहिए। जो दल सामाजिक न्याय की वकालत करते है उनकी आदिवासियों पर चुप्पी यह दिखाती है कि वे सामाजिक लोकतंत्र पर गम्भीरता का प्रदर्शन नहीं कर रहे है। वर्षो से आइपीएफ इसकी मांग कर रहा है और संघर्ष के दबाव में गोंड़, खरवार, चेरो आदि जातियों को सोनभद्र में जनजाति का दर्जा तो मिल गया और उन्हें ओबरा व दुद्धी विधानसभा चुनाव लडने का अधिकार भी मिल गया। लेकिन अभी भी आदिवासियों के साथ अन्याय जारी है जिसे समाप्त किया जाना चाहिए। जब तक कोल को जनजाति का दर्जा नहीं मिलता प्रदेश में सामाजिक न्याय का एजेण्डा पूरा नहीं होगा। कोल के जनजाति के दर्जे के सम्बंध में जनजाति कार्यमंत्रालय, भारत सरकार में भेजा गया अखिलेन्द्र प्रताप सिंह का पत्र जस का तस पड़ा हुआ है और मंत्रालय ने अभी तक इस पर निर्णय नहीं लिया है। यदि आदिवासियों के मुद्दे को हल नहीं किया जाता तो आइपीएफ विधिक कार्यवाही में भी जा सकता है। यह बयान आज आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के नेता दिनकर कपूर ने प्रेस को जारी किया।

# यूपी कोर्ट ने उप मुख्यमंत्री के खिलाफ फर्जी डिग्री मामले की जांच का आदेश दिया

प्रयागराज, (वेबवार्ता)। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) अदालत ने पुलिस को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की कथित फर्जी डिग्री की प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया है। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 156 (3) के तहत दायर एक आवेदन पर आदेश जारी किए गए हैं। बुधवार को एसीजेएम (प्रयागराज) नम्रता सिंह ने छावनी, प्रयागराज के थाना प्रभारी को कुछ बिंदुओं पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसमें हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयागराज द्वारा उपमुख्यमंत्री को जारी उत्तर मध यमा द्वितीय वर्ष की डिग्री की प्रामाणिकता शामिल है। मामले में आवेदक दिवाकर त्रिपाठी ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 156 (3) के तहत दायर एक याचिका में मौर्य के खिलाफ विभिन्न स्थानों से पांच चुनाव लड़ने के लिए फर्जी शैक्षणिक डिग्री के कथित उपयोग के लिए आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है। दूसरा, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री ने फर्जी डिग्री के आधार पर एक पेट्रोल पंप भी हासिल किया। एसीजेएम ने मामले की सुनवाई की अगली तारीख 25 अगस्त तय की है।

# उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति का तीसरा चरण 21 अगस्त से

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में अपने पहले दो चरणों के सफल संचालन के बाद, योगी आदित्यनाथ सरकार 21 अगस्त से मिशन शक्ति कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी वर्गों की महिलाओं के लाभों को ध यान में रखते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को कहा है। महिला कल्याण विभाग के निदेशक मनोज राय ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है जिसके तहत मिशन शक्ति के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के अलावा महिलाओं और बेटियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है। मिशन शक्ति के तीसरे चरण की शुरूआत महिला कल्याण विभाग द्वारा हक की बात कार्यक्रम के साथ की जाएगी।

# लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर हादसाः तेज रफ्तार कार लोडर से टकराई, सात घायल

उन्नाव। लखनऊ,आगरा एक्सप्रेस–वे पर कासिमपुर थाना क्षेत्र के जाहिदपुर गांव के पास ओवरटेक करने में तेज रफ्तार कार आगे चल रहे लोडर से भिड़ गई। हादसे में पिता पुत्र सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों को उन्नाव जिले के औरास पीएचसी से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। क्षतिग्रस्त वाहनों को टोल प्लाजा पर खड़ा करा दिया गया। जनपद फैजाबाद के शहर कोतवाली के राजकरन चौक निवासी महमूद (58) पत्नी महजबी (55) की दवा लेकर बेटे मोवासिर (19) और बेटी हनी (17) के साथ दिल्ली से फैजाबाद लौट रहे थे। गुरुवार सुबह नौ बजे हरदोई जनपद के कासिमपुर थाना क्षेत्र के जाहिदपुर गांव के पास आगे चल रहे लोडर को ओवरटेक करने में कार और लोडर में भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार महमूद, पत्नी महजबी बेटा मोवासिर और कार चला रहा मुशर्रफ के अलावा बाराबंकी के लोनी कटरा निवासी लोडर चालक बेचेलाल (30), अब्दुल अजीज (32) और हरदोई के कासिमपुर थाना क्षेत्र के बिंदौरा निवासी सजीवन (50) घायल हो गए। जबकि लोडर पर सवार रायबरेली के गुरूबक्सगंज के बसिगवां निवासी सुरेश (32) और कार सवार महमूद की बेटी हनी (17) बाल–बाल बच गए। हादसे की सूचना पर यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने घायलों को औरास पीएचसी में भर्ती कराया। यहां से सभी को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# शनिवार को सिर्फ दूसरी, डोज़ वालों को लगेंगे टीके

## सुबह 9 से 11 बजे तक उन लोगों को दूसरी डोज़ लगेगी जो स्लाट बुक करवा कर आएंगे 11 बजे के बाद वैक्सीनेशन केन्द्रों पर सीधे आने वालों को दूसरी खुराक दी जाएगी।

अवध की आवाज ब्यूरो

हरदोई। कोरोना की दूसरी डोज़ लगवाने के लिए उत्साहित लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। शनिवार का दिन सिर्फ दूसरी डोज़ वालों के लिए निर्धारित कर दिया गया है। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. प्रशांत रंजन ने दी । उन्होंने बताया इस संबंध में शासन से निर्देश प्राप्त हो चुके हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कोरोना से बचने के लिए वैक्सीन की दो डोज़ लगना जरूरी है। तभी प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है। इसलिए हमारा फोकस है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जल्द से जल्द दूसरी खुराक लग जाए। उन्होंने कहा कि इसी के मद्देनजर फैसला किया गया है कि शनिवार को सिर्फ दूसरी डोज़ के चाहतमंदों को मौका दिया जाएगा। सुबह 9 से 11 बजे तक उन लोगों को दूसरी डोज़ लगेगी जो स्लाट बुक करवा कर आएंगे। 11 बजे के बाद वैक्सीनेशन केन्द्रों पर सीधे आने वालों को दूसरी खुराक दी जाएगी।

डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया सोमवार से शुक्रवार तक पहले की तरह लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इन दिनों में भी दूसरी डोज़ वाले अपना टीकाकरण करवा सकते हैं लेकिन शनिवार को सिर्फ उनका ही टीकाकरण होगा। जनपद में अभी तक 9,94,565 लोगों को कोरोना का टीका लगा है जिसमें कुल 97, 427 लोगों को कोरोना का दूसरा टीका लगा है।



लखीमपुर निघासन ब्लाक के परागी पुरवा गांव के प्राइमरी स्कूल में आंगनबाड़ी आरती पांडे वह सहायता समूह अध्यक्ष रजनी देवी ने गर्भवती महिलाओं व छात्राओं को बाटी राशन किट। निघासन ब्लाक के परागी पुरवा गांव के प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में गर्भवती महिलाओं व तीन से पांच साल के छात्र और छात्राओं को राशन किट वितरित की गई इस दौरान प्रधानाध्यापक अभिषेक व विष्णु किशोरी अनिल आदि लोग उपस्थित रहें।



# एक ऐसा शिव मंदिर जहां संतान की प्राप्ति के लिए पहुचते है लोग,

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से महज 45 किलोमीटर दूर स्थित त्रेतायुग का एक ऐसा शिव मन्दिर जिसकी शिवलिंग भारत के सभी शिव मन्दिरों से बड़ी बताई जाती है। लोगों का मानना है. इस मन्दिर की शिव लिंग स्वयंभू बताई जाती है। इस मन्दिर में आने वाले सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।यह मन्दिर मानेश्वर महा देव के नाम से बिख्याता है। इस मन्दिर में ऐसे लोगों का विशेष आना होता है. जो निःशन्तान होते है, इस मन्दिर में शिवलिंग के पूजा आर्चना से शन्तान की उत्पत्ति होती है।

यूपी के सीतापुर जनपद के विकास खण्ड सिधौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंनवा के मजरा रसूलपनाह गांव के उत्तर दिशा में स्थित मानेश्वर महादेव मंदिर की गणना त्रेतायुग से की जाती है।

इक्ष्वाकु वंश में भगवान श्रीराम के पहले राजा युवनाश्व,द्वितीय हुए जिनकी कोई संतान नही थी। उन्होंने ऋषि च्यवन के कहने पर इसी स्थान पर यज्ञ किया था।यज्ञ के दौरान एक कलश में रख्खे जल को धोखे से राजा ने पी लिया।इस कलश का जल अभिमंत्रित था। जो राजा युवनाश्व की पत्नी को पीना था। जिस के कारण राजा युवनाश्व को गर्भ धारण हो गया। राजा के दाहिनी कोख चीरकर पुत्र का जन्म हुआ। जिनका नाम इन्द्र देव ने मांधाता रखा। जिसके बाद राजा युवनाश्व द्वितीय ने इस स्थान पर मन्दिर का निर्माण कराया।इस मन्दिर की शिवलिंग त्रेतायुग से पहले की बताई जाती है।

कई पौराणिक ग्रंथों में इस मन्दिर व राजा मांधाता के किले का वर्णन भी किया गया है।





कालान्तर में राजा माधाता द्वारा इस मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया बताया जाता है। वही समय समय पर क्षेत्रीय लोगों द्वारा मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया जाता रहता है। इस गांव के दूसरी ओर पूर्व–दक्षिण में राजा मांधाता के किले के अवशेष आज भी विद्यमान हैं। जो पुरातत्व विभाग के आधीन है। इस मंदिर की शिवलिंग भारत के सभी शिव मन्दिरों से बड़ी बताई जाती है। लोगों का मानना है, इस मन्दिर की शिव लिंग स्वयंभू है।मन्दिर की विशाल शिवलिंग श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस शिवलिंग में विभिन्न आकृतियां उभरती रहती है। यहाँ वर्ष भर लोग पूजन अर्चन के लिए आते रहते हैं। इस मन्दिर में संतान सुख प्राप्त की कामना रखने वाले लोगों का विशेष आना होता है। इस मन्दिर में जो भी सच्चे मन से संतान की प्राप्ति की कामना करता है।उसकी मूराद भगवान शिव अवस्य ही पूर्ण करते है।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। प्रा वि नंदौली में आज दिनांक 12/08/2021 को "आज़ादी के अमृत महोत्सव" के अंतर्गत "बुजुर्गों की बात देश के साथ" तथा "विद्यार्थी विरासत राजदूत" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों को विद्यालय में आमंत्रित किया गया तथा बच्चो के साथ संवाद कार्यक्रम कराया गया। इं० शि० शालिनी मिश्रा द्वारा छात्र/छात्राओं को राज्य की संस्कृति व विरासत के बारे में बताया गया।

# सिधौली में अनाधिकृत रूप से संचालित नर्सिंग होम/हास्पिटल/पैथोलॉजी केंद्रो/क्लीनिको का अचौक निरीक्षण संयुक्त रूप से किया गया।

अवध की आवाज ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। दिनांक 11 अगस्त 2021 को जनपद मे पंजीकृत/अपंजीकृत निजी चिकित्सा इकाईयों के निरीक्षण हेतु गठित टीम डा सुरेंद्र शाही, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ नोडल अधिकारी, सीतापुर अचल विभु त्रिपाठी, जिला प्रशासनिक अधिकारी, सीतापुर एवं बी0 के0 गुप्ता द्वारा जनपद मे अनाधिकृत रूप से संचालित नर्सिंग होम/हास्पिटल/पैथोलॉजी केंद्रो/ क्लीनिको का अचौक निरीक्षण संयुक्त रूप से किया गया। उक्त कार्यवाई के दौरान सर्वप्रथम रंजन प्रिया हास्पिटल, सिधौली,का सीतापुर का निरीक्षण किया गया जहा डॉक्टर सुमैया इरम बी0 ए0 एम0 एस उपस्थित थी। इनके अतिरिक्त कोई भी अधिकृत एम बी बी एस चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित नही थे। मौके पर 04 मरीज भर्ती पाये गये। हास्पिटल मे बायोमेडिकल वेस्ट एवं कोविड 19 मानको का पूर्णतः पालन नही किया जा रहा था। पायी गई कमियो के संबंध मे प्रभारी को नोटिस निर्गत किया गया। इसी क्रम मे न्यू सेवा हास्पिटल, सिधौली,सीतापुर का निरीक्षण किया गया जहा राजीव श्रीवास्तव प्रभारी उपस्थित थे। कोई भी मरीज भर्ती नही मिला।हास्पिटल मे को भी एम बी बी एस अधिकृत चिकित्सक उपस्थित नही था। हास्पिटल मे बायोमेडिकल वेस्ट नियमो एवं कोविड 19 मानको का पूर्णतः पालन नही किया जा रहा था। पायी गई कमियो के संबंध मे प्रभारी को नोटिस निर्गत किया गया। तदोपरांत बाला जी डायग्नॉस्टिक सेंटर (पैथोलॉजी केंद्र),सिधौली–सीतापुर एस के पैथोलॉजी सेंटर सिधौली–सीतापुर, एवं डा लाल पैथ (ब्लड कलेक्शन सेंटर), सिधौली–सीतापुर जहा पर अधिकृत चिकित्सक उपस्थित नही मिले इसके अतिरिक्त उक्त पैथोलॉजी केंद्रो पर पायी गई कमियो के संबंध मे नोटिस निर्गत किया गया। जिसका प्रतिउत्तर 03 कार्य दिवसों मे प्रेषित करने हेतु निर्देश निर्गत किए गए।






# जनपद उन्नाव में मेगा क्रेडिट कैंप का किया गया आयोजनः

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। एल डी एम श्री पी के आनंद ने बताया कल महानिदेशक संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय उ0प्र0 एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ. प्र.) लखनऊ के दिशनुसार जनपद स्तरीय मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन जिलाधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री दिव्यांशु पटेल के आदेशानुसार जिले की इस मेगा क्रेडिट कैंप हेतु जनपद को धनराशि रु0 100 करोड़ का ऋण स्वीकृत/वितरण किये जाने का लक्ष्य विभिन्न एम0एस0एम0ई0 एवं भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित रोजगारपरक योजनाओं जैसे पीएम स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना तथा बैंक की अन्य ऋण योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित किया गया था जिसके सापेक्ष विभिन्न बैंको की सहायता एवं प्राप्त सूचना के आधार पर 2246 लाभार्थियों को धनराशि रु0 103.21 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया।



# सीतापुर में शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम बढ़इन पुरवा तहसील बिसवां में चल रहे बाढ़ बचाव कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया

अवध की आवाज

सीतापुर दिनांक 12 अगस्त 2021 (सू0वि0) जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा जनपद सीतापुर में शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम बढ़इन पुरवा तहसील बिसवां में चल रहे बाढ़ बचाव कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। बाढ़ बचाव कार्यो के कारण नदी द्वारा कटान नियन्त्रण में है। ग्रामवासियों द्वारा जिलाधिकारी को ग्राम को कटान से सुरक्षित करने हेतु धन्यवाद दिया गया। जिलाधिकरी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को जनपद में बाढ़ से आबादी को सुरक्षित रखने हेतु पूर्ण प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विशाल पोरवाल द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में तहसील बिसवां में बढ़इन पुरवा, खमरिया शेखुपुर, श्रीराम पुरवा, म्योढ़ी छोलहा,



चौकीपुरवा एवं तहसील लहरपुर में ग्राम लीलापुरवा बरछता में इन ग्रामों की काफी आबादी को नदी की कटान से बचाने के लिए बाढ़ बचाव कार्य कराया जा रहा है एवं इन ग्रामों को नदी की कटान से सुरक्षित कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी के निर्देशन में सिंचाई विभाग द्वारा ग्राम रतौली, कोल्हू पुरवा, लखनीपुर, जटपुरवा, रायमरोड़, बुधवा, हर की बेहड़ में परियोजना का निर्माण कर इन परियोजनाओं से इन ग्रामों एवं इससे सटे हुए अनेक ग्रामों की आबादी को बाढ़ एवं कटान से सुरक्षित कर लिया गया है। जनपद में इस समय कही भी बाढ़ एवं जलभराव की स्थित नही है। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल, उपजिलाधिकारी बिसवां अनुपम मिश्र, एस डी० ओ सिंचाई पुष्कर वर्मा, जे0ई सिंचाई शिवप्रताप उपस्थित रहे।









ग्राम सभा मनिकापुर ब्लॉक असोहा सुरेंद्र कुमार प्रधान पति की तरफ से सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नागपंचमी स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की सभी देशवासियों को क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं



योगेंद्र कुमार (टीटू भैया)

सभासद

वार्ड नंबर 3

इंदिरा नगर गंगाघाट,उन्नाव



कुँवर बहादुर सिंह

संस्थापक श्री बाला जी जन कल्याण समिति शेखपुर नरी

सभी देशवासियों को जनपद वासियों को क्षेत्रवासियो,ग्राम शेखपुर नरीके सभी बुजुर्ग नन्हे–मुन्ने नौजवान साथियों को नाग पंचमी स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाऐ।

*नागपंचमी स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की सभी देशवासियों को क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं*

मंडल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी

मंडल उपाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी

भारतीय जनता पार्टी मंडल गंगाघाट





15 अगस्त के पावन पर्व पर सभी जनपद वासियों को क्षेत्रवासियों को ग्राम सभा शेषपुरनरी के नौजवान साथियों को नन्हे–मुन्ने बच्चों को एवं बुजुर्गों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं आपका सेवक जनार्दन चौधरी पूर्व प्रधान शेषपुर नरी उन्नाव




अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com

नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।